कार्यालय, मुजफ्फरपुर नगर निगम, मुजफ्फरपुर

Web Site : https://nagarseva.bihar.gov.in/muzaffarpur/, E-mail : mc-muz-bih@nic.in, muzaffarpur.ulb@gmail.com Fax No -0621-2214606

दिनांक 14.07.2020 को अपराह्न 02:00 बजे से नगर भवन के सभाकक्ष में उप नगर आयुक्त (एन.यू.एल.एम.), मुजफ्फरपुर की अध्यक्षता में PMSAVANIDHI योजनान्तर्गत स्व–रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्ट्रीट वेण्डर्स एवं बैंक अधिकारियों के साथ सम्पन्न हुई बैठक की कार्यवाही :–

उपस्थिति :–

पंजी अनुसार।

दिनांक 14.07.2020 (मंगलवार) को नगर भवन, मुजफ्फरपुर में उप नगर आयुक्त द्वारा स्ट्रीट वेण्डर्स को स्व–रोजगार उपलब्ध कराने हेतु बैंक अधिकारियों एवं उनसे संबंधित अन्य सदस्यों की उपस्थिति में एक बैठक आयोजित की गई। सर्वप्रथम श्री अशोक कुमार सिंह, प्रधान सहायक, मुजफ्फरपुर नगर निगम के द्वारा बैठक में उपस्थित एल.डी.एम., मुख्य प्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक, बंधन, उज्जीवन, एक्सिस, देना एवं अन्य माइक्रो फिनान्स बैंक के मैनेजर/एरिया मैनेजर एवं स्ट्रीट वेण्डर्स एसोसिएसन के अध्यक्ष, सचिव, सदस्य तथा अन्य उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात् अध्यक्षा महोदय के आदेश से सभा की विधिवत् कार्यवाही प्रारंभ की गई, जो निम्न है :–

1. सर्वप्रथम अध्यक्षा महोदया के द्वारा बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों को यह बताया गया कि COVID-19 वैश्विक महामारी की वजह से उत्पन्न हुई बेरोजगारी के कारण के स्ट्रीट वेण्डर के समक्ष स्व–रोजगार की समस्या उत्पन्न हो गई है, जिसके कारण इनलोगों के समक्ष भूखमरी की स्थिति आ गई है, इसके समाधान के लिये केन्द्र सरकार ने PMSAVANIDHI एक योजना चलायी है, जिसके बारे में बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों को विस्तृत जानकारी दी गई।

   जिला अग्रणी बैंक पदाधिकारी ने PMSAVANIDHI योजना के तहत फुटपाथी दुकानदारों को 10000.00 रु. तक का ऋण बैंकों के द्वारा उपलब्ध कराये जाने हेतु सभी बैंकों को निर्देश दिये गये। इसी के बारे में जानकारी देने के उद्देश्य से आज की यह बैठक आयोजित की गई है।

Scanned with CamScanner

2. मुख्य प्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक श्री सुदिप्त कुमार के द्वारा यह जानकारी दी गई कि इस योजना के तहत् दिये जानेवाले बैंक ऋण पर बैंक ब्याज पूरा लगेगा। कोई सब्सिडी नहीं मिलेगी। भविष्य में अगर कोई दिशा निर्देश आयेगा, तो सब्सिडी पर विचार किया जा सकता है। प्रदत्त बैंक ऋण चुकता करने के लिये 12 महीने का EMI है, जिसे हर हालात में ससमय जमा करना है।

3. मुख्य प्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक के द्वारा यह जानकारी दी गई कि ऋण का लाभ प्राप्त करने के लिये फुटपाथी दुकानदारों को PMSAVANIDHI योजना के वेबपोर्टल पर ऑन–लाईन आवेदन करना है, जिसके लिये निम्न कागजातों की आवश्यकता है :–

(i) चालू बैंक खाता के पासबुक के प्रथम पृष्ट की छायाप्रति।
(ii) दो फोटो।
(iii) नगर निगम द्वारा निर्गत वेण्डर आई कार्ड अथवा प्रमाण पत्र।
(iv) आधार कार्ड अथवा पैन कार्ड।

(अनुपालन :– सभी बैंक)

4. LDM के द्वारा बैंक ऋण सुविधा उपलब्ध कराने से संबंधित कार्य प्रणाली के बारे में सभी बैंकों के मैनेजर/एरिया मैनेजर को दिशा निर्देश दिया गया एवं इस योजना में शत्–प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये दिशा निर्देश दिये गये।

(अनुपालन :– सभी बैंक)

5. अध्यक्षा महोदया के द्वारा यह बताया गया कि सर्वेक्षित सभी स्ट्रीट वेण्डर्स का आई.डी. कार्ड बनकर तैयार है, जिसका वितरण SHG की महिलाओं के द्वारा कराया जा रहा है। साथ ही उनके द्वारा सभी को यह निर्देश दिया गया कि जो भी फुटपाथी दुकानदार इस योजना का लाभ उठाना चाहते है। वे सर्वप्रथम PMSAVANIDHI योजना के वेबपोर्टल पर ऑन–लाईन आवेदन कराना सुनिश्चित करे, क्योंकि ऑफलाईन मोड से आवेदन अमान्य है।

(अनुपालन :– अध्यक्ष, सचिव, स्ट्रीट वेण्डर्स एसोसिएशन)

6. बैठक में उपस्थित अन्य बैंको के मैनेजर, एरिया मैनेजर के द्वारा स्ट्रीट वेण्डर्स को इस योजना के तहत् बैंक ऋण सुविधा उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया।

Scanned with CamScanner

7. मुख्य प्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक के द्वारा अध्यक्ष महोदय से अनुरोध किया गया कि निगम स्तर से फुटपाथ दुकानदारों के लिये एक कार्य क्षेत्र का निर्धारण जारी किया जाय, जिससे कि बैंक द्वारा उन्हें ऋण सुविधा उपलब्ध कराने में किसी तरह की कोई परेशानी न हो।

अंत में प्रधान सहायक के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन कर बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

उप नगर आयुक्त,
मुजफ्फरपुर नगर निगम, मुजफ्फरपुर।

ज्ञापांक NULM-25/05 उप 592/2110 मु0न0नि0, मुज0 दिनांक 15/07/2020

प्रतिलिपि :– मुख्य प्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक/ LDM/ मैनेजर/एरिया मैनेजर, मोईक्रोफिनान्स बैंक मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– अध्यक्ष, सचिव, स्ट्रीट वेण्डर्स एसोसिएशन, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– प्रधान सहायक, मुजफ्फरपुर नगर निगम, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– नगर आयुक्त, मुजफ्फरपुर नगर निगम, मुजफ्फरपुर को सादर सूचनार्थ समर्पित।

प्रतिलिपि :– माननीय महापौर/माननीय उप महापौर, मुजफ्फरपुर नगर निगम, मुजफ्फरपुर को सादर सूचनार्थ समर्पित।

उप नगर आयुक्त,
मुजफ्फरपुर नगर निगम, मुजफ्फरपुर।

Scanned with CamScanner